>

Title: Need to provide safety and security measures to the stranded Indian in Egypt and Libya.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे अति लोकमहत्व के प्रश्न पर बोलने का मौका दिया। जैसा कि सर्वविदित है और सभी माननीय सदस्य इस बात को जानते हैं कि विदेशों में चाहे मिस्र हो, चाहे लीबिया हो गल्फ देशों में आज कल सत्ता परिवर्तन और हिंसा का दौर चल रहा है। बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उत्तर भारत के लोग इन तमाम देशों में भी हैं। वहां उनकी स्थिति बहुत दयनीय है और अपने को वे बहुत असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि उत्तर भारत के लोग जो मिस्र और लीबिया में वास करते हैं, रोजगार के लिए गए हैं और कुछ नौकरी भी कर रहे हैं। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार इस बारे में पहल करे और मिस्र तथा लीबिया के दूतावास से बात करे। जो भी भारतवर्ष के नागरिक वहां हैं, उनकी सुरक्षा और संरक्षण की व्यवस्था करे। वहां से बहुत से लोग भारत वापिस आना चाहते हैं। केंद्र सरकार वहां की सरकारों से बात करके उन भारतीयों को यहां सुरक्षित लाने का काम करे।

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने को इस विषय से संबद्ध करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री कमलेश पासवान जी भी इस विषय से अपने को सम्बद्ध करते हैं।